प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 25.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज–राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जायेगा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
- राज्य सरकार नए जिलों में जिला परिषदों का गठन और प्रभावित जिला परिषदों का पुर्नगठन करेंगी।
- प्रदेश में सर्दी का असर फिर बढा–आगामी दो–तीन दिन तापमान में और गिरावट के आसार।

-----------------------------

देशभर में आज 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होंगी। इस अवसर पर केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधि तथा प्रमुख भी हिस्सा लेंगे। इस वर्ष मतदाता दिवस का विषय है– ''नथिंग लाइव वोटिंग, आई वोट फोर श्योर'' समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु, सुचारू रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए राज्य और जिला अधिकारियों को सर्वोत्तम प्रक्रिया पुरस्कार प्रदान करेंगी। वहीं राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे शिरकत करेंगे। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुडे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कार्मिकों को सम्मानित किया जायेगा। नव मतदाताओं को एपिक कार्ड दिये जायेंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लोगों को मतदाता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। मतदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न जिलों और बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

-----------------------------

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। इस प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण होगा। आकाशवाणी पर क्षेत्रीय भाषाओं में रात साढे नौ बजे से इसका प्रसारण किया जायेगा।

वहीं आकाशवाणी और दूरदर्शन 26 जनवरी को कर्तव्य पथ से 76वें गणतंत्र दिवस परेड का लाइव कवरेज करेगा। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क के साथ–साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर भी किया जाएगा।

-----------------------------

गणतंत्र दिवस के अवसर पर उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल हरीभाऊ बागडे प्रदेश के अतिरिक्त महानिदेशक स्तर के पुलिस अधिकारी सचिन मित्तल और एस. सेंगाथिर को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित करेंगे। इसके

साथ ही आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सहेलियों की बाड़ी में आयोजित एट होम कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस के 15 अन्य अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को पुलिस पदक से नवाज़ा जाएगा। इस बीच जिलास्तर पर आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां जोर शोर पर है। समारोह स्थल पर सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किये जा रहे है।

..............................

राष्ट्रीय कार्यक्रमों में जन भागीदारी बढ़ाने के सरकार के प्रयासों के तहत कल नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर 76वीं गणतंत्र दिवस परेड़ देखने के लिए लगभग दस हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित अतिथियों में प्रदेश के भी कई लोग शामिल है। सवाईमाधोपुर से वाईल्ड लाईफ और सोशल एक्टिविस्ट मुकेश मीणा को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने इस पर खुशी व्यक्त करते हुए केन्द्र सरकार का आभार जताया है।

..............................

वहीं बाडमेर के मीठडी आंगनबाडी केन्द्र की आशा सहयोगिनी भगवती भी परेड देखने के लिए नई दिल्ली जायेंगी। वे समारोह का निमंत्रण पाकर बेहद खुश हैं।

..............................

राज्य सरकार के द्वारा नए जिलों में जिला परिषदों का गठन और प्रभावित जिला परिषदों का पुर्नगठन किया जायेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस संबंध में प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। प्रस्ताव के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम के तहत आठ नए जिले और 12 प्रभावित जिलों के जिला कलक्टर पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों के आधार पर जिला परिषद के गठन तथा पुनर्गठन का प्रस्ताव तैयार करेंगे। साथ ही, इससे प्रभावित पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों के नवसृजन तथा पुनर्गठन के प्रस्ताव भी तैयार किए जाएंगे। जिला कलक्टरों की ओर से इन प्रस्तावों को सार्वजनिक किया जायेगा और एक महीने में आपत्तियां आमंत्रित की जायेगी। इनके निस्तारण के बाद प्रस्तावों को राज्य सरकार को भेजा जायेगा। इन प्रस्तावों के परीक्षण तथा अनुमोदन के बाद नवगठित–पुनर्गठित जिला परिषदों, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों के गठन की अधिसूचना जारी की जाएगी।

..............................

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की पंचायतीराज संस्थाओं में विभिन्न कारणों से खाली हुए पदों पर चुनाव कराने का फैसला किया है। इनमें जिला प्रमुख के 3, प्रधान और उप प्रधान के 1–1, जिला परिषद सदस्य के 4 और पंचायत समिति सदस्य के 18 पद शामिल है। वहीं सरपंच के 20, उपसरपंच के 15 और पंच के 143 पदों के लिए उपचुनाव कराये जायेंगे। जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए अधिसूचना 29 जनवरी को जारी की जायेगी। इनके लिए मतदान 14 फरवरी को और मतगणना 15 फरवरी को होगी। वहीं जिला प्रमुख और प्रधान के लिए मतदान की तारीख 16 फरवरी तय की गई हैं। उपप्रधान के लिए मतदान 17 फरवरी को होगा। पंच और सरपंच के लिए 14 फरवरी को ही मतदान और मतगणना की जायेगी।

..............................

केन्द्रीय बजट 1 फरवरी को संसद में पेश किया जायेगा। प्रदेश की जनता को आगामी बजट से काफी उम्मीदे है। राजसमंद जिले के पिपलांत्री गांव के पूर्व सरपंच पद्मश्री श्यामसुंदर पालीवाल ने आकाशवाणी समाचार जयपुर से बातचीत में उम्मीद जताई कि आगामी बजट में पर्यावरण संरक्षण को विशेष महत्व दिया जायेगा।

.......................

प्रदेश में सर्दी का असर एक बार फिर से तेज हो गया है। रात और दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई हैं। पाली, सवाईमाधोपुर और हनुमानगढ़ में सर्द हवायें चलने से ठिठुरन और गलन बढ गई है। हमारे सीकर संवाददाता ने बताया कि वहां तेज ठण्ड से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। आज सुबह फतेहपुर शेखावाटी में न्यूनतम तापमान शून्य दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस दर्ज हुआ।

मौसम केन्द्र जयपुर ने आगामी दो–तीन दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सैल्सियस की गिरावट होने की संभावना जताई है।

.............................

आज राष्ट्रीय पर्यटन दिवस है। प्रदेश में पर्यटन को बढावा देने के लिए पर्यटन विभाग की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कडी में जयपुर जिले की सांभर झील पर कल से सांभर महोत्सव की शुरूआत हुई। इस फेस्टिवल में देशी विदेशी सैलानी भाग ले रहे है। कई रोचक प्रतियोगिताएं और साहसिक गतिविधियां महोत्सव में आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। वहीं जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर कल्चरल डायरीज श्रृंखला के तहत आज भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उधर जैसलमेर के मरू महोत्सव का आयोजन 9 फरवरी से किया जायेगा। इसको लेकर कल जिला कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ख्यातनाम लोककलाकारों की प्रस्तुतियां कराये जाने पर विशेष जोर दिया।

.............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में अपने आवास पर गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एन.सी.सी. और युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के कैडेटों, एन एस एस के स्वयंसेवियों, कलाकारों तथा जनजातीय समुदाय के अतिथियों से मुलाकात की। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एकता और विविधता पर जोर दिया तथा सभी प्रतिभागियों से विभिन्न राज्यों के लोगों के साथ संवाद करने का अनुरोध किया, जिससे एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूती मिल सके। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विदेशी प्रतिभागियों से भी बातचीत की।

.............................